हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, रविवार, 17 दिसंबर 2023
[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | रतनपुर | पथरिया ]

तापमान

अधिकतम 26.4 डिग्री

न्यूनतम 11.8 डिग्री



अमृत मिशन के तहत पाइप लाइन में वाल्व लगाने के लिए देवकीनंदन स्कूल के सामने बड़ा सा गड्ढा खोद दिया गया हे।

हरिभूमि
पाठक पुरस्कार योजना-2023
मास्टर कूपन
17 दिसम्बर 2023
कूपन नं.
8

हाँ, ये सच है
1,49 990/-Only
2BHK FULL Furniture Interior
• Modular • Dinning
• Bed. • TV Unit
• Almira
T&C APPLY
Home@Home
Near Science College, Bilaspur
Mo. 8109024488, 958444744

## विकसित भारत संकल्प यात्रा : पीएम मोदी के नेतृत्व में देश का सम्मान बढ़ा

# गांव-गरीब तक केन्द्रीय योजनाओं को पहुंचाना है लक्ष्य



उपमुख्यमंत्री बनने के बाद अरुण साव का प्रथम नगर आगमन पर स्वागत करते लोग।



मुंगेली नाका मैदान में विकसित भारत संकल्प यात्रा का दीप प्रज्जवलन करते डिप्टी सीएम साव।



बाबजी पार्क कॉलोनी की महिलाओं ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव की आरती उतारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीसी के जरिए बिलासपुर सहित छत्तीसगढ़ और अन्य 5 राज्यों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि मोदी की गारंटी वाली गाड़ी देश के कोने-कोने में पहुंच रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जनता के आशीर्वाद और सहयोग से हम मोदी की गारंटी को छत्तीसगढ़ में पूरा करेंगे। उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने शनिवार को मुंगेली नाका मैदान में विकसित भारत संकल्प यात्रा का दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। इस दौरान बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

श्री साव ने अपने उद्बोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ सहित पांच राज्यों में विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू हुई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीसी के जरिए इसकी शुरूआत की है। उन्होंने कहा कि पिछले लगभग 10 साल से मोदी की सरकार देशसेवा में लगी हुई है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त हुआ है। देश का सम्मान बढ़ा है, ताकत भी बढ़ी है। अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की जटिल समस्याओं के समाधान के लिए पूरा विश्व आज भारत की ओर आशा भरी निगाहों से देखता है। आम व्यक्ति के जीवन में शासकीय योजनाओं के माध्यम से कैसे परिवर्तन किया जा सकता है, इसे पीएम मोदी ने कर दिखाया है।

### उप मुख्यमंत्री ने विकसित भारत बनाने लोगों को दिलाया संकल्प

#### संकल्प यात्रा एक जन अभियान, इससे जुड़ें

श्री साव ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा कोई सरकारी कार्यक्रम नहीं बल्कि यह एक जन अभियान है। जिले की हरेक गांव एवं घरों तक इस यात्रा का संदेश जायेगा। लोगों को केन्द्रीय योजनाओं की जानकारी एवं उनके लाभ उठाने के तरीके बताए जाएंगे। उन्होंने सभी लोगों को इस महत्वाकांक्षी अभियान से जुड़कर लाभ उठाने का आग्रह किया। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में सीएम विष्णुदेव साय के नेतृत्व में नई सरकार ने काम-काज संभाल लिया है। कैबिनेट की पहली ही बैठक में हमने 18 लाख आवासहीन परिवारों को प्रधानमंत्री आवास देने का नीतिगत निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे पहली गारंटी बताया था। पिछले पांच साल से आवास से वंचित गरीब परिवारों को अब अच्छा और पक्का मकान मिलेगा और उनका बरसों से संजोया हुआ सपना साकार होगा।

### कैबिनेट की पहली बैठक में 18 लाख आवासहीनों के सपने पूरे

#### 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने संकल्प दिलाया

डिप्टी सीएम श्री साव ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा हर गारंटी को पूरा करने के लिए नई सरकार वचनबद्ध है। श्री साव ने कहा कि सीएम विष्णुदेव साय के नेतृत्व में और बुलंदी के साथ छत्तीसगढ़ की आवाज देश में गूंजेगी। उन्होंने 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने में अपना योगदान प्रदान करने के लिए लोगों को संकल्प दिलाया। मुख्य अतिथि श्री साव ने स्वच्छता पखवाड़ा, समाजसेवा एवं खेलकूद में उल्लेखनीय योगदान के लिए नगर पालिक निगम की ओर से दर्जन भर लोगों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उप मुख्यमंत्री ने शिविर में सभी स्टॉलों का निरीक्षण भी किया और इस अवसर पर पौधा भी लगाया।

### शहर में 26 और ग्रामीण क्षेत्र में 483 शिविर लगेंगे

इस अवसर पर कलेक्टर अवनीश शरण ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने इस अभियान के उद्देश्य बताए। उन्होंने बताया कि पहले दिन आज बिलासपुर शहर एवं ग्रामीण इलाके में मोहभट्ठा (बिल्हा) बोड़सरा (तखतपुर) में अभियान के अंतर्गत शिविर आयोजित किए गए। फिलहाल तीन वाहन जिले में उपलब्ध हैं। जल्द ही 9 और प्रचार वाहन आएंगे। इनके दौरे का रूट चार्ट तैयार है। अभियान के अंतर्गत बिलासपुर निगम क्षेत्र में 26 और ग्रामीण क्षेत्र में 483 शिविर लगाए जाएंगे। इस अवसर पर केन्द्र सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं पर आधारित क्विज प्रतियोगिता भी रखी गई। अतिथियों द्वारा विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले लगभग 10 साल की विकास यात्रा पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। प्रधानमंत्री ने विभिन्न राज्यों के चुनिंदे लाभार्थियों से संवाद कर उनकी सफलता की कहानी सुनी और उन्हें शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर संभागायुक्त केडी कुंजाम, आईजी अजय यादव, एसपी संतोष सिंह, पूर्व सांसद लखनलाल साहू, भूपेन्द्र सवन्नी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, नागरिक और लाभार्थी उपस्थित थे। नगर निगम आयुक्त कुणाल दुदावत ने आभार प्रकट किया।

## खबर संक्षेप

### उपमुख्यमंत्री साव आज रवाना होंगे रायपुर

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के नव नियुक्त उपमुख्यमंत्री अरुण साव का 16 दिसंबर को नगर आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। श्री साव यहां रात्रि विश्राम के बाद 17 दिसंबर को सुबह 8 बजे कार से रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। वे सुबह 10 बजे मुख्यमंत्री निवास पहुना रायपुर पहुंचेंगे। यहां से श्री साव सुबह 11 बजे राजभवन रायपुर जाएंगे। इसके बाद दोपहर 2.15 बजे स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट रायपुर फ्लाइट से प्रस्थान कर शाम 4 बजे इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा दिल्ली पहुंचेंगे। शाम 4.20 बजे वे छत्तीसगढ़ भवन दिल्ली जाएंगे।

### इग्नू में प्रवेश और री-रजिस्ट्रेशन जनवरी तक




**बिलासपुर।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने जून 2024 सत्र के लिए ऑनलाइन पद्धति से नए प्रवेश के लिए नामांकन व री-रजिस्ट्रेशन 29 जनवरी तक की तारीख तय की है। नामांकन के लिए स्नातक, पीजी व पीजी डिप्लोमा और छमाही प्रमाण पत्र कार्यक्रमों में विद्यार्थी प्रवेश ले सकते हैं। इसके साथ ही पीजी कॉलेज के अध्ययन केंद्र में भी विद्यार्थी जानकारी ले सकते हैं। विद्यार्थियों को मुद्रित सामग्री न लेने पर शुल्क में 15 प्रतिशत छूट भी दी जाएगी। इसके अलावा अजा-अजजा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए नामांकन भी निशुल्क होगा।

### कबाड़ में तब्दील हो गई गुमटियां



**बिलासपुर।** स्मार्ट शहर में स्मार्ट गुमटियां लगाने की योजना लाई गई लेकिन महज चुनिंदा लोगों को छोड़ यह गुमटियां किसी भी स्ट्रीट वेंडर को नहीं बांटी गई। वहीं मंगला चौक, मुंगेली नाका, व्यापार विहार, अशोक नगर, मुक्तिधाम चौक जैसी जगहों पर रखी गई गुमटियां अब कंडम और कबाड़ हो चुकी हैं। हालत ये है कि इन गुमटियों से लोहे के एंगल और वीपीसी शीट भी गायब हो गई है।

# बोर में लीकेज, हजारों लीटर पानी सड़क पर अमृत मिशन का पाइप लाइन भी डैमेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

निगम क्षेत्र में शुद्ध पेयजल पहुंचाने की कवायद में निगम के अधिकारी फेल हो रहे हैं, पाइप लाइन के लीकेज के चलते नलों में फोर्स नहीं मिल रहा है और इससे संक्रमण का खतरा भी बना हुआ है। खास बात यह है कि लीकेज के चलते पूरे सड़क पर पानी भर रहा है।

निगम की पुरानी पाइप लाइन के साथ ही अमृत मिशन का पाइप लाइन जोड़ दिया है, जिससे हजारों घरों तक पानी पहुंच रहा है लेकिन इन पाइप लाइनों में लीकेज की समस्या है, लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। करबला क्षेत्र में पिछले कई दिनों से सड़कों पर पानी बह रहा है। लाइफ केयर हास्पिटल के सामने बोर कराया गया है, लेकिन इसके पाइप लाइन में लीकेज है, जिससे सुबह से ही पानी का फव्वारा निकलता रहता है, इससे सड़क पर पानी भर रहा है। वहीं इससे आगे बढ़ने पर फजल बाड़ा और रविदास चौक पर कई घरों में अमृत मिशन का पाइप लाइन लगाया गया है, लेकिन इन पाइप लाइनों के सड़क पर होने के कारण अब क्षतिग्रस्त हो चुके हैं, साथ ही घरों में नल का कनेक्शन सही नहीं होने के कारण सड़कों पर पानी भर रहा है, लेकिन निगम के अधिकारियों को इसकी परवाह नहीं है। कई माह से हजारों लीटर पानी सड़कों पर बेवजह फेंका जा रहा है, जिससे आसपास के लोगों के साथ ही हर आने-जाने वालों को दिक्कत होती है।

बेवजह सड़कों पर फैल रहा पानी



फजलबाड़ा वार्ड, करबला और रविदास चौक में पाइप लाइन फटने से सड़क पर बह रहा पानी।

#### कम आता है प्रेशर

पाइप लाइन में जगह-जगह टूट फूट के चलते टेप नल में प्रेशर कम आता है, वहीं पाइप लाइन के टूटने के कारण क्षेत्र में संक्रमण का खतरा भी बना हुआ है, जिसे लेकर निगम के अधिकारियों को मरम्मत की कार्रवाई करनी होगी, क्षेत्रवासियों का आरोप है कि इस बारे में कई बार पार्षद से शिकायत की गई है, लेकिन इसके बावजूद क्षतिग्रस्त पाइप लाइन नहीं सुधारी गई है।

#### कराई जाएगी रिपेयरिंग

बोर का वाल कट गया है, जल्द ही रिपेयर कराया जाएगा। वहीं मोहल्लों में अमृत मिशन का पाइप टूटने की जानकारी नहीं है। कर्मचारियों को भेजा जाएगा।

**- अजय श्रीनिवासन**
ईई, नगर निगम

# सालभर में 560 लोगों के ड्राइविंग लाइसेंस सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले में इस साल 250 से ज्यादा सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, वहीं कई बार इन दुर्घटनाओं में लोगों को जान तक गंवानी पड़ी है, हाल ही में चौक चौराहों में सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चालान देने की कवायद भी शुरू की गई है, ऐसे में ओवर स्पीड और यातायात नियमों का पालन नहीं करने वालों पर कार्रवाई की बात कही जा रही है। पिछले एक साल के भीतर 560 वाहन चालकों पर आरटीओ ने कार्रवाई की है, इस दौरान इन सभी के लाइसेंस 3 माह से लेकर 1 साल तक के लिए सस्पेंड कर दिए गए हैं।

परिवहन विभाग हर साल वाहन रजिस्ट्रेशन और लाइसेंस पर कार्रवाई करता रहा है, इस साल 560 वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित कर दिए गए हैं। दिसंबर माह में पूरे साल का डाटा तैयार किया गया है, जिसमें 560 वाहनों का ब्यौरा है। इसमें सर्वाधिक ओवर स्पीड और ड्रंक एंड ड्राईव के केस है। वहीं कामर्शियल वाहनों में पैसेजरों के आवागमन करते हुए भी 60 वाहनों पर कार्रवाई की गई है, बताया जा रहा है कि इन वाहन चालकों का ड्राइविंग लाइसेंस 3 से 9 माह के लिए सस्पेंड कर दिया गया है। वहीं कोर्ट के आदेश पर भी कुछ ड्राइविंग लाइसेंस सीधे रद्द कर दिए गए हैं। खास बात यह है कि ज्यादातर लाइसेंस सस्पेंड करने की अनुशंसा यातायात और पुलिस विभाग द्वारा की गई थी, जिसके चलते लाइसेंस रद्द किए गए हैं।




#### आरटीओ ने की कार्रवाई

■ ओवर स्पीड और नशे में बाइक दौड़ने पर भी लाइसेंस सस्पेंड

| | |
|---|---|
| ओवर स्पीड | 256 |
| ड्रंक एंड ड्राइव | 189 |
| कर्मिशयल वाहन | 69 |
| मोबाइल का प्रयोग | 76 |

#### की गई है कार्रवाई

यातायात विभाग और कोर्ट द्वारा लाइसेंस रद्द और सस्पेंड करने की अनुशंसा की जाती है, इस आधार पर परिवहन विभाग द्वारा लाइसेंस सस्पेंड कर दिया जाता है। कोर्ट के आदेश पर लाइसेंस रद्द किया जाता है। अब तक 560 लोगों पर कार्रवाई की गई है।

**- अनुभव शर्मा,** आरटीओ, परिवहन विभाग

## कोहरे का कहर, एक्सप्रेस ट्रेनों की भी बिगड़ गई चाल

# कोरबा-कोचुवेली एक्सप्रेस 13 व हावड़ा 4 घंटे विलंब से पहुंची

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सर्दी की शुरुआत होते ही एक बार फिर ट्रेनों की रफ्तार थमने लगी है। ट्रेनें देरी से अपने गंतव्य पर पहुंच रही है। इस लेटलतीफी के कारण लोग परेशान हैं। लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों को अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शनिवार को बिलासपुर स्टेशन में 8 ट्रेनें घंटों लेट से पहुंची। स्टेशन में गाड़ी का इंतजार करते यात्री परेशान होते रहे। पिछले कई दिनों से बड़ी संख्या में एक्सप्रेस ट्रेनें अपने निर्धारित समय से घंटों के विलंब से चल रही हैं। रेलवे के अफसर उत्तर भारत में भीषण ठंड को लेटलतीफी की वजह बता रहे हैं।

#### रेलवे अफसर बोले- ठंड के कारण विजिबिलिटी कम इसलिए ट्रेनों की रफ्तार धीमी




यात्री होते रहे परेशान

रेलवे स्टेशन में ट्रेन की प्रतिक्षा करते यात्री।

उनका कहना है कि न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। इस बीच कोहरे का प्रभाव भी देखने को मिल रहा है, जिसके चलते विजिबिलिटी काफी कम हो गई है। कोहरे का असर सड़क यातायात के साथ-साथ रेल यातायात और उड़ानों पर भी पड़ा है।

आलम ये है कि ट्रेनों की रफ्तार धीमी पड़ गई है। शनिवार को बिलासपुर स्टेशन पर आने वाली 8 एक्सप्रेस ट्रेनें अपने तय समय से घंटों देरी से पहुंची। इनमें कोरबा-कोचुवेली एक्सप्रेस 13 घंटे देरी से चली। वहीं हावड़ा मुंबई मेल 4 घंटे, शालीमार पोरबंदर एक्सप्रेस 3 घंटे, बिलासपुर एक्सप्रेस 2 घंटे ,समरसता एक्सप्रेस 1 घंटे, शिवनाथ एक्सप्रेस डेढ़ घंटे, टाटा नगर एक्सप्रेस डेढ़ घंटे देरी से स्टेशन पहुंची।

#### ट्रेन लेट की सूचना अनाउंसमेंट कर दे रहे

लंबे रूट पर चलने वाली ट्रेनों के देरी से चलने के कारण यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में यात्री तय समय से देरी से पहुंच रहे हैं। स्टेशन अधीक्षक नित्या नंद ने बताया कि समय-समय पर अलाउंस करवाकर यात्रियों को सूचना दी जा रही है। उत्तर प्रदेश और बिहार की तरफ से आने वाली ट्रेनों पर कोहरे की मार है। राजधानी एक्सप्रेस जैसी ट्रेनें भी कई कई घंटों की देरी से चल रही हैं। ऐसे में कड़कड़ाती सर्दी में प्लेटफॉर्म पर ट्रेनों का इंतजार करना यात्रियों की दिक्कतें बढ़ा रहा है।

# सप्ताहभर से गिर रहा पारा शहर का तापमान 11 डिग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

■ 25 दिसंबर से और बढ़ेगी ठंड, जनवरी से शीतलहर के आसार

सप्ताहभर से शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में ठंड महसूस हो रही है। अधिकतम और न्यूनतम में तेजी से गिरावट दर्ज की जा रही है। शनिवार को बिलासपुर में न्यूनतम तापमान 11 डिग्री के करीब पहुंच गया। मौसम विभाग की माने तो प्रदेश में 25 दिसंबर से ठिठुरन थोड़ी और बढ़ने वाली है तथा जनवरी पहले सप्ताह में शीतलहर चलने के आसार है। मौसम विभाग का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से अब नमी में बढ़ोतरी होगी। इसके चलते आने वाले दो दिनों तक न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी होगी। इससे ठंड थोड़ी कमतर रहेगी। हालांकि दो दिनों बाद न्यूनतम तापमान में गिरावट शुरू हो जाएगी। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि पिछले वर्षों की तुलना में इस वर्ष अच्छी ठंड पड़ने की उम्मीद है।

#### पश्चिम विक्षोभ से नमी बढ़ने लगी

ठंड बढ़ने से गर्म कपड़ों के स्टालों में ग्राहकों की भीड़ बढ़ने लगी है,साथ ही कपड़े संस्थानों में भी गर्म कपड़ों की खरीदारी बढ़ गई है। कारोबारियों का कहना है कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष ज्यादा कारोबार की उम्मीद है। अब मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से अब नमी की मात्रा बढ़ने वाली है, इसके कारण ही न्यूनतम तापमान मे बढ़ोतरी होगी। इसके बाद 19 दिसंबर के न्यूनतम तापमान में फिर से गिरावट शुरू होगी और ठंड बढ़ेगी।


शुष्मा देशलहरे
सीमा घृतेश
डॉ. गणेशी कुर्रे
छाया बंजारे
जमुनावती बंजारा
इक्की भास्कर
सुभद्रा भारद्वाज
कुसुम भारद्वाज
जयंत मनहर
शेषराज हरबंश
विधायक, पामगढ़
चांदनी भारद्वाज
सदस्य, जिला पंचायत बिलासपुर
सतनाम स्वाभिमान यात्रा में हार्दिक अभिनंदन है...
दिनांक : 17 दिसंबर 2023 स्थान : गुरूद्वारा सतनाम भवन, महंत बाड़ा जरहाभाठा से प्रारंभ
सतीश डहरिया
आदित्य जोशी
अक्षय चतुर्वी
आशुतोष जानी
राजा मनहर
अमित कुर्रे
अमन दिवाकर
अंकित पात्रे
गौरव खाण्डे
विक्कू जांगड़े
सुरज जोशी
प्रकाश बंजारे
दिलीप बंजारे
धर्मेन्द्र गेंदले
संजू टंडन
अक्षय कुर्रे
गोलू टंडन
संजय खुंटे
आशीष टंडन
पिन्टू खांडे
सागर मंगेशकर
संदीप लहरे
संजीत बर्मन
मनभजन टंडन
योगेश मनहर
राज बंजारे
टुकेन्द्र बंजारे
महेन्द्र भारद्वाज
विक्रम जांगड़े
सागर बंजारे
जिला अध्यक्ष-
सतनामी समाज बिलासपुर
सनत दिव्य
विनोद बंजारा
मो. 9907182006
जितेन्द्र बंजारा
संस्थापक सतनाम स्वाभिमान यात्रा
सौजन्य :- मे. स्काई लाईन बिल्डकॉन बिलासपुर

# डिप्टी सीएम बनने के बाद पहली बार शहर पहुंचे साव का भव्य स्वागत

## बाबजी पार्क में लड्डुओं से तौले गए



बाबजी पार्क कालोनी से अपने घर तक पहुंचने में डिप्टी सीएम श्री साव को आधा घंटा लगा। इस दौरान हर घर से उन पर पुष्प वर्षा की गई। श्री साव ने बच्चों को गोद में उठाकर प्यार किया। कालोनी में ही श्री साव को लोगों ने लड्डूओं से तौला।

**बिलासपुर।** डीप्टी सीएम बनने के बाद अरुण साव शनिवार की शाम अपने निजी निवास बाबजी पार्क पहुंचे तो उनके स्वागत में जमकर आतिशबाजी की गई। कालोनीवासियों और पड़ोसियों ने फूल-मालाओं से लाद दिया। मुख्य सड़क से लेकर कालोनी में उनके घर तक जमकर पटाखे फोड़े गए। एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियां मनाई गई। भावुक पड़ोसियों ने श्री साव को गले लगाकर बधाई और शुभकामनाएं दी। कालोनी की महिलाओं ने डिप्टी सीएम की आरती उतारी। हर घर से पुष्प वर्षा की गई। शनिवार की रात करीब 10 बजे जैसे ही डिप्टी सीएम अरुण साव बाबजी पार्क कालोनी के सामने पहुंचे तो यहां कालोनी की महिलाओं श्रीमती माला वर्मा, श्रीमती संध्या पांडे, श्रीमती सुलक्षणा जेम्स ने आरती उतारकर उनका स्वागत किया, उन्हें मिठाई खिलाई गई। श्री साव ने भी इन महिलाओं का पैर छूकर आशीर्वाद लिया। श्री साव ने अपनी गाड़ी कालोनी के बाहर ही छोड़ दी और उतरकर सभी का अभिवादन किया।

## कारगिल चौक व अयोध्या नगर में साव का स्वागत



नव निर्वाचित छग के उप मुख्यमंत्री अरुण साव के प्रथम नगर आगमन पर कारगिल चौक व अयोध्या नगर में भव्य स्वागत कर उन्हें बधाई दी। स्वागत करने वालों में सतीश जायसवाल, पूर्व पार्षद रमेश जायसवाल, रितिक सानन, मनहरण लाल वर्मा, केके श्रीवास्तव, प्रतिभा मिश्रा, जितेन्द्र बारी, दुर्गेश सारथी, प्रभा दुबे, बबलू यादव, राहुल कौशिक, संतोष कौशिक आदि मौजूद थे।

## प्रदेश कार्य समिति के सदस्य दुआ ने किया सम्मान



नव निर्वाचित उप मुख्यमंत्री अरुण साव के प्रथम नगर आगमन पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य अमरजीत सिंह दुआ ने छत्तीसगढ़ भवन में उन्हें हार्दिक बधाई दी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रामदेव कुमावत, पूर्व सांसद लखन लाल साहू, नगर निगम में उप नेता प्रतिपक्ष राजेश सिंह, डिम्पल सिंह उपवेजा, शिनु चौहान आदि उपस्थित थे।

## उपमुख्यमंत्री साव का महामाया चौक में अभिनंदन



छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव के बिलासपुर आगमन पर उनका महामाया चौक सरकंडा में भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर पूरे चौक को रोशनी से सजाया गया और भव्य आतिशबाजी की गई। जेसीबी से उन पर पुष्प वर्षा भी की गई। इस स्वागत कायक्रम में राजीव अग्रवाल, राहुल रावलनी, राजकुमार अग्रवाल, बबीता दीदी, माधवी दीदी, संगीता वर्मा के साथ छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज के साथीगण बबीता दीपा गंधर्व के नेतृत्व में बहतराई की महिला टीम द्वारा स्वागत किया गया। सरकंडा क्षेत्र के पूरे सहयोगियों के साथ व्यापारी संगठन एवं सिंधी समाज के प्रबुद्धजनों ने स्वागत किया । उपमुख्यमंत्री श्री साव ने राजीव अग्रवाल के नेतृत्व में किए गए स्वागत की भूरि-भूरि प्रशंसा की ।

## भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ ने की पुष्प वर्षा



उप मुख्यमंत्री अरुण साव के प्रथम नगर आगमन पर भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ ने राजेंद्र नगर चौक के पास आतिशी स्वागत किया। स्वागत करने वालों में प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक डॉ धर्मेंद्र कुमार दास, सदस्य जीवन मिश्रा, निषाद पार्टी के संजय सिंह राजपूत, डॉ सुकांत विश्वकर्मा, डॉ मनीष मोटवानी, शशि नारायण मिश्रा, सतीश सिंह, राहुल शर्मा, जय शुक्ला, मनीष पटेल, चंदन सिंह, रवि मिश्रा,लकी ठाकुर ,राज किशोर श्रीवास, इनर निषाद, कुंज राम निषाद, प्रवेश निषाद, भागीरथी केवट, दिनेश घोरे, नितिन छाबड़ा, पालू आदि मौजूद रहे।

## फल सब्जी व्यापारी महासंघ ने साव को फलों से तौला



फल सब्जी व्यापारी महासंघ ने तिफरा में उप मुख्यमंत्री अरुण साव को फलों से तौलकर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर श्री साव ने कहा कि फल और सब्जी मंडी की सभी समस्याओं को जल्द दूर किया जाएगा। इस अवसर पर बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, थोक फल सब्जी व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष अनिल सलूजा, थोक सब्जी विक्रेता संघ के अध्यक्ष मुकेश अधीजा, संरक्षक बंधु मौर्य, महासचिव कुमार साहू, चिल्हर फल विक्रेता संघ के अध्यक्ष राजू सोनकर, राज सोनकर,संदीप तेजवानी, राजू जायसवाल, अर्जुन साहू, राजू यादव, सुनील सलूजा, दौलत साहू, नितेश देवांगन, संदीप रजक आदि व्यापारी उपस्थित थे।

## डिप्टी सीएम ने किया महिलाओं का सम्मान



मुंगेली नाका मैदान में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने केंद्र की योजनाएं बताई। इस दौरान उन्होंने महिलाओं का सम्मान भी किया।

## नगर निगम उपनेता प्रतिपक्ष राजेश ने किया स्वागत



प्रथम नगर आगमन पर नवनियुक्त उपमुख्यमंत्री अरुण साव का उपनेता प्रतिपक्ष नगर निगम के राजेश सिंह के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। उन्हें शुभकामनाएं दी गई।

## अमर के नेतृत्व में हुआ भव्य स्वागत



उप मुख्यमंत्री अरुण साव के प्रथम बिलासपुर नगर आगमन पर भाजपा पश्चिम मंडल में अमर अग्रवाल के नेतृत्व में महाराणा प्रताप चौक एवं मंगला चौक पर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर स्वागत करने वालों में मंडल अध्यक्ष अजीत सिंह भोगल, अमित चतुर्वेदी, लक्ष्मीनारायण कश्यप, चंदन गोस्वामी, वैभव गुप्ता, विजय यादव, संजय गुप्ता, कालेश्वर सूर्यवंशी, मुकेश भारत, धन सिंह सोलंकी, शत्रुघ्न, जय, अमित बजाज, आनंद टावरकर, कार्तिक यादव, महेंद्र वर्मा, कमल जैन, अरुण लसकर, श्रद्धा तिवारी, पिंकी, प्रतिभा मिश्रा, मीनाक्षी यादव, सरिता ठाकुर, बबीता वाडेकर, सरिता खांडेकर, अनीता दुबे, प्रेमलता यादव, सुभाष तिवारी, राजेंद्र राजपूत, अमर राजपूत, शरद बाजपेई, मोनू मिश्रा, गुलशन खांडेकर, आयुष चतुर्वेदी, मेल राम साहू, किशन यादव, उमेश यादव आदि मौजूद थे।

## जिला स्तरीय एथलेटिक्स में सेंट जेवियर्स भरनी ने फहराया परचम



**बिलासपुर।** जिला एथलेटिक्स संघ द्वारा जिला स्तरीय जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन 9 व 10 दिसंबर को बहतराई स्टेडियम में किया गया। इसमें बिलासपुर जिले के अंडर 14 एवं अंडर 16 बालक-बालिकाओं सहित कुल 130 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। अंडर 14 बालिका के 60 मीटर दौड़ में प्रांजल सिंह प्रथम व अंजली मंझवार तृतीय रही। अंडर 14 बालिका वर्ग लंबी कूद में प्रांजल सिंह प्रथम अंजली मंझवार द्वितीय रही। अंडर 14 बालिका वर्ग ऊंची कूद में अंजली मंझवार प्रथम तथा प्रांजल सिंह तृतीय रही। अंडर 14 बालिका वर्ग ग्रुप सी 60 मीटर दौड़ में दिव्या कंवर प्रथम रही। अंडर 14 बालिका वर्ग ग्रुप सी लंबी कूद में दिव्या कंवर प्रथम रही। अंडर 16 बालिका वर्ग लंबी कूद में सेंट जेवियर्स भरनी की चंचल साहू व तन्वी बंजारे द्वितीय रही। वसुंधरा सर्वेट ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंडर 16 बालक वर्ग में युवराज सिंह तृतीय रहे। अंडर 16 बालिका वर्ग 60 मीटर दौड़ में सेंट जेवियर्स भरनी की मानसी कैवर्त द्वितीय रही। अंडर 14 बालक वर्ग ग्रुप ए 60 मीटर दौड़ में निहाल सिंह तृतीय रहे।

# पारंपरिक वेशभूषा में बच्चों ने दिया शिक्षाप्रद संदेश, दिखाई प्रतिभा

### साईंस कॉलेज मैदान सरकंडा में चल रहे स्वदेशी मेले में 40 से अधिक बच्चों ने दी सहभागिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम की दी प्रस्तुति

**बिलासपुर।** साईंस कॉलेज मैदान सरकंडा में आयोजित स्वदेशी मेले में दूसरे दिन शनिवार को शिशु वेशभूषा प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें 40 से अधिक बच्चों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा दिखाई। नन्हें बच्चों द्वारा पारंपरिक वेशभूषा में दिया गया शिक्षाप्रद संदेश अनुकरणीय रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इसके बाद प्रतिभागी बच्चों ने अलग-अलग वेश में अपना परफार्मेंस दिया। उपस्थित लोगों ने तालियां बजाकर इन बच्चों की हौसला अफजाई की। शिवान्या झांसी की रानी, प्रणय सिंह ठाकुर जवान, अथर्व श्रीवास्तव हनुमान, अनुराज श्रवण कुमार, अरणव कांबले सेंटाक्लॉज, अक्षत मौर्या व लविंग गोस्वामी हनुमान भगवान, तुलिप चौधरी व शिवांश मौर्य कृष्ण, आरोही पंजवानी बटरफ्लाई, अभिराज खरे सेंटाक्लॉज, आभ्या खरे भगवान श्रीकृष्ण, सान्वी जैसवानी मोबाइल, शिवान्या व परिधि कश्यप झांसी की रानी, अक्षता अग्रवाल अन्नपूर्णा, हर्ष प्रीत कौर अरोरा माशा की वेश में रहीं। निर्णायक के रूप में दीप्ति व अदिति मिश्रा उपस्थित रहीं।







स्वदेशी मेले में शनिवार को नन्हें–मुन्ने बच्चों ने कार्यक्रम पेश किया। उपमुख्यमंत्री अरुण साव व बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला कार्यक्रम का शुभारंभ करते।

## सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल ने किया स्वागत

सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल सोनी ने शनिवार को साइंस कालेज मैदान में आयोजित स्वदेशी मेले के मंच पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव का गुलदस्ता देकर स्वागत किया।





## उपमुख्यमंत्री साव ने छत्तीसगढ़ी में दिया उद्बोधन

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने अपना उद्बोधन छत्तीसगढ़ी भाषा में दिया। उन्होंने कहा कि नारी वंदन अधिनियम को लागू करने का काम स्वदेशी मेला समिति ने किया। स्वदेशी संस्कार है और आज देशभक्ति का बड़ा माध्यम स्वदेशी बन सकता है। क्षेत्र के लोगों को स्वदेशी मेले का इंतज़ार रहता है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ी कला और संस्कृति का विकास होगा ये उपमुख्यमंत्री होने के नाते मेरा वादा है। छत्तीसगढ़ को देश के अग्रणी राज्यों में शामिल करा स्व अटल बिहारी बाजपेई के सपनों का भारत बनाने में हमारी सरकार सदैव कार्यरत रहेगी । स्वदेशी मेला आत्मनिर्भर भारत सशक्त भारत में आपका सहयोग महत्वपूर्ण है।

## स्वदेशी मेला में पहली बार ट्रेवल एंड टूरिज्म बाजार

ट्रेवल एंड टूरिज्म बाजार का स्टॉल पहली बार स्वदेशी मेला में लगाया गया है। जहां लोग संपर्क कर अपनी यात्रा को एक नई उड़ान दे सकते हैं। ट्रेवल एंड टूरिज्म आपको भारत के विभिन्न पर्यटन स्थलों पर सबसे बेहतर सेवाएं कहां, क्या हो सकती है, जिस स्थान पर आप जा रहे हैं वहां के पर्यटन डिपार्टमेंट से कनेक्ट कराकर आपको सही मार्ग दर्शन देने का काम कर रही है। ट्रेवल एंड टूरिज्म- इंडिया टूरिज्म ,तेलंगाना, हिमांचल प्रदेश, राजस्थान आदि राज्यों की सफर करा रही है। बता दें ट्रेवल एंड टूरिज्म से अंतरराष्ट्रीय स्तर के टूर ऑपरेटर से लेकर निजी ट्रेवल एजेंट तक जुड़े होते हैं। ट्रेवल एंड टूरिज्म में सारा कारोबार सेवाएं प्रदान करने का होता है, जो घर से दूर रहने वालों के लिए होती है। पर्यटन एक ऐसी यात्रा है जो मनोरंजन या फुरसत के क्षणों का आनंद उठाने के उद्देश्यों से की जाती है। पर्यटन में प्रगति होने पर अर्थव्यवस्था में भी नए सकारात्मक बदलाव आते हैं। यात्रा करने से न केवल लोग चिंता मुक्त होते हैं, बल्कि साथ ही उनका मनोरंजन भी हो जाता है। नई जगह, नए लोग और नए वातावरण से अच्छा मनोरंजन और दूसरा कुछ नहीं हो सकता है। पर्यटन एक सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक घटना है जिसमें व्यक्तिगत या व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए लोगों को उनके सामान्य वातावरण से बाहर के देशों या स्थानों पर जाना शामिल है।

## 54 वीं अभा रेलवे क्रॉस कंट्री में दपूमरे की महिला व पुरुष टीम प्रथम



**बिलासपुर।** 54वीं अभा रेलवे क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता का आयोजन शुक्रवार 16 दिसंबर को उत्तर पश्चिम रेलवे के उदयपुर राजस्थान में आयोजित किया गया था। इस प्रतियोगिता में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की पुरुष एवं महिला दोनों टीम ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। इसमें पुरुष वर्ग एवं महिला वर्ग दोनों प्रतियोगिता में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की महिला एवं पुरुष क्रॉस कंट्री टीम प्रथम रही है। साथ ही तीन खिलाड़ियों ने व्यतिगत रूप से 1 स्वर्ण एवं 2 रजत पदक प्राप्त किया है ।

- व्यक्तिगत श्रेणी में दपूमरे के 3 खिलाड़ियों में 1 स्वर्ण व 2 रजत पदक प्राप्त किया

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में यह पहली बार हुआ है, जब इस प्रतियोगिता में महिला एवं पुरुष दोनों टीम ने विजय प्राप्त कर इतिहास रचा है। इस प्रतियोगिता में सम्पूर्ण भारतीय रेलवे के 13 जोन की महिला टीम एवं 15 जोन की पुरुष टीम ने भाग लिया था। इस प्रतियोगिता में व्यक्तिगत श्रेणी में दपूमरे के एथलीट हेमराज गुर्जर जूनियर अकाउंट क्लर्क, मुख्यालय बिलासपुर ने स्वर्ण पदक जीता। वहीं हरीश टिकट कम कामर्शियल क्लर्क, वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक कार्यालय बिलासपुर ने रजत पदक तथा मुन्नी देवी टिकट कम कामर्शियल क्लर्क, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक कार्यालय, बिलासपुर ने रजत पदक प्राप्त किया । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के इन खिलाड़ियों को उनके शानदार प्रदर्शन एवं उपलब्धि पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक एवं अधिकारियों ने शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में और भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया।



## खबर संक्षेप

### क्षेत्र शीत लहर की चपेट में, नगर में जले अलाव



**लोरमी।** सर्द ऋतु ने क्षेत्र में अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया है। वनांचल सहित नगर में ठिठुरन से जनजीवन को प्रभावित किया है। रात में घने कोहरे से नगर को ढंक जाता है। बदले मौसम से ठिठुरन भरी सर्द हवाओं ने जन जीवन प्रभावित कर रहा है। वनांचल में रात में घने कोहरे ने को ढंक जाता है। सर्द हवाओं के कारण क्षेत्र के शिमला कहे जाने वाले औरापानी में शीतलहर और दिनभर अलाव का सहारा लेकर ग्रामीण दिन काट रहे हैं। नगर के चौक विश्राम गृह चौक, फव्वारा चौक, मुंगेली चौक सहित स्थानों में प्रशासन ने अलाव जलाकर ठंड से बचने उपाय किया है। एसडीएम प्रवीण तिवारी ने बताया की सर्द को देखते हुये नगर के विभिन्न चौक चौराहे पर अलाव जलाने निर्देश दिया गया। जिसका लाभ नगरवासी उठा रहे हैं।

### मुख्यमंत्री साय से मिले गौरला के उद्योगपति



**गौरेला।** नगर के उद्योगपति गोपाल कृष्ण अग्रवाल, जयप्रकाश शिव दासानी, संदीप केडिया ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात कर श्री साय को जिले में आगमन का निमंत्रण दिया। मुख्यमंत्री श्री साय ने उद्योगपतियों का निमंत्रण स्वीकार करते हुए कहा कि नवगठित जिले को सर्व सुविधा युक्त बनाना मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी एवं औद्योगिक क्षेत्र अंजनी में नवीन उद्योगों की स्थापना हेतु रूपरेखा बनाकर कार्य किए जाएंगे।

### 548 का उपचार एवं औषधि वितरण किया गया



**बिल्हा।** विकास खण्ड स्तरीय आयुर्वेदिक आयुष मेले का आयोजन किया गया। शिविर में पहुंचे लाभार्थी का ब्लड प्रेशर जांच के साथ नाड़ी परीक्षण, उपचार एवं औषधि निःशुल्क प्रदान की गई। शिविर में होमियोपैथी डाक्टर ने परीक्षण मरीजों का उपचार किया। शिविर में 548 रोगियों का उपचार एवं औषधि वितरण किया गया। मौसमी बीमारी से बचाव एवं रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने हेतु त्रिकुट काढ़ा वितरण किया गया। शिविर का आयोजन ब्लाक शिविर प्रभारी डॉ. दीपक कुमार अग्रवाल ने किया। शिविर में डा ओंकार सिंह राजपूत, डा कुमुदिनी पटेल,डा आरती गायकवाड, डा भारती श्रीवास, डा अपर्णा मिश्रा, डा बीएस कंवर, फार्मासिस्ट अशोक बघेल सहित औषधालय सेवक ने सेवा दी। इस अवसर पर पुनीता डहरिया, वंदना जेंद्रे, रमेश पांडेय, कमल गर्ग, धीरेंद्र मेहता सहित नागरिक उपस्थित रहे।

### बारातियों को घेरकर उपद्रवियों ने किया हमला

**मल्हार।** चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जुनवानी के युवक और उनके साथियों ने बारातियों पर जानलेवा हमला कर दिया। जिससे ग्राम ओखर से बारात गए युवकों को गंभीर चोट आई है। जानकारी के अनुसार ग्राम ओखर से दिवश कुमार केंवट की शादी थी। जिसके बारात में गांव के युवक गुरुवार को गए हुए थे। जहां देर रात जब बारात ग्राम जुनवानी पहुंचा तो वहां के शुभम सतनामी और उसके साथी के द्वारा गाली गलौज देकर बारातियों से मारपीट शुरू कर दी। जिससे अधिकांश बाराती तो भाग निकले लेकिन जो उनके जद में आए उनकी जमकर पिटाई हो गई। जिसमें शालिकराम केंवट के सिर और हाथ में, सदानंद पटेल हाथ और कंधे में, प्रीतम रजक के हाथ और सिर में गंभीर चोट आई है। बात यही नहीं रुकी शुभम सतनामी और उसके साथियों ने बारात गई गाड़ी पर भी अपना गुस्सा निकाला और उसमें भी जमकर तोड़ फोड़ की। इधर इस पूरे मामले में पीड़ित पक्ष कि शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



### हिर्री पुलिस ने चोरी के आरोपी को किया गिरफ्तार

**बिल्हा।** पुलिस के अनुसार हिर्री निवासी मुकेश कुमार साहू पिता स्व. दुर्गा प्रसाद साहू उम्र 36 साल ने एफआईआर दर्ज कराई कि 11 दिसंबर को करीब 9:30 बजे रात को अज्ञात व्यक्ति ने उसके घर का गेट खोलकर आफिस में रखे हाइलोजन बल्ब, पाइप, कुर्सी-टेबल की चोरी कर ले गया है। विवेचना के दौरान मुखबिर से पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम हिर्री का मनीष साहू कुर्सी टेबल बिक्री करने के लिए ग्राहक तलाश रहा है। पुलिस ने मनीष साहू को हिर्री बस्ती में घेराबंदी कर पकड़ लिया। आरोपी के कब्जे से चोरी गया सामान बरामद कर पुलिस ने आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

### जरहागांव के गांधी मैदान में विभिन्न विभागों के लगे स्टाल

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का पीएम ने किया वर्चुअल शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली/जरहागांव

मुंगेली जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत जिला स्तरीय आयोजन जरहागांव के गांधी मैदान से की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक पुन्नूलाल मोहले, कलेक्टर राहुल देव, एसपी चंद्रमोहन सिह, जिला पंचायत सीईओ प्रभात पांडेय थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संकल्प यात्रा, मोदी सरकार की गारंटी रथ को हरी झंडी दिखाकर वर्चुअल शुभारंभ किया। जरहागांव में मोदी गारंटी रथ का स्वागत किया गया। उसके बाद स्थानीय अतिथियों ने छग महतारी की छाया चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस दौरान महिला समूह बिहान ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम में समा बांध दिया। इस दौरान विधायक पुन्नूलाल मोहले व जिला प्रशासन ने कार्यक्रम में लगे स्टालों का अवलोकन किया। स्टाल में हो रहे कार्य को लेकर संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों को लोगों की समस्या को त्वरित समाधान करने निर्देश दिया।



**महिलाओं की लगी रही भीड़:** विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के दौरान मोदी की गारंटी को सुनने भीड़ लगी रही। स्टाल में प्रमुख रूप से आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना ,आधार कार्ड स्टालों में आवेदन लेकर महिलाओं ने लंबी कतार लगाकर लाभ लिया। इस दौरान अनेक योजनाओं को लेकर मेरी जुबानी मेरी कहानी के द्वारा व्यक्त किया गया। इस अवसर पर आसपास के सैकड़ो लोगों की उपस्थिति रही।

**विभागों के लगे स्टाल**

गांधी मैदान में आयुष्मान भारत, आधार पंजीयन, एकीकृत बाल विकास परियोजना, श्रम विभाग, मछली पालन विभाग, राजस्व विभाग, नेहरू युवा केन्द्र, उद्यान विभाग, कृषि विभाग, उज्जवला योजना, निःशुल्क आयुष चिकित्सा स्वास्थ्य, स्वस्थ्य विभाग सहित विभिन्न स्टाल लगाए गए थे।

**इनकी रही उपस्थिति**

कार्यक्रम में विधायक पुन्नू लाल मोहले, शैलेश पाठक, सुनील पाठक, तरुण खांडेकर, नरेश पटेल, श्रीकांत पाण्डेय, बंटी सोनकर, अश्वनी कश्यप, पवन पांडे, रामफल साहू, दुर्गा उमाशंकर साहू, सुनील पाठक, राकेश बैस, बेदप्रकाश, नीतेश भारद्वाज, महेंद्र साहू, धीरसिंह बंजारे, कलेक्टर राहुल देव, एसपी चंद्रमोहन सिह, सीईओ प्रभात पांडेय, अमित सेन, डीईओ गेंदलाल चतुर्वेदी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।



## मोदी की गारंटी पर जनता ने लगाई मुहरः साव

**सरगांव।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव व बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक का नगर पंचायत सरगांव में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने आतिशी स्वागत किया। उप मुख्यमंत्री साव शनिवार को बिलासपुर में आयोजित विकसित भारत यात्रा के शुभारंभ समारोह में शामिल होने जा रहे थे।

इस दौरान नवनिर्वाचित उप मुख्यमंत्री के प्रथम नगर पंचायत सरगांव आगमन पर भारतीय जनता पार्टी सरगांव मंडल के कार्यकर्ताओं के द्वारा आतिशी स्वागत किया गया इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री साहू ने कहा है कि 75 पर की गारंटी देने वाले कांग्रेस की लबरा सरकार को जनता ने पर लगा दिया। आप लोगों ने हमारी सरकार पर भरोसा जताया है कि मैं आपको विश्वास दिलाता हूं जल्द से जल्द हमारे द्वारा की गई घोषणाओं को पूरी की जाएगी। साथी वर्तमान विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि क्षेत्र की जनता को मैं तहे दिल से आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने क्षेत्र में प्रचलित परंपरा एक बार कांग्रेस एक बार भाजपा को बदलते हुए मुझ पर विश्वास जताया आजादी के बाद पहली बार सरगांव में भाजपा को बड़ी बढ़त मिली और जीत दर्ज की। इस अवसर पर मंडल भूपेंद्र सवान्नी,अध्यक्ष कैलाश सिंह ठाकुर, अंबालिकसाहू,नरेंद्र शर्मा, भेखचंदसाहू, कालीकौशिक,परमानंद साहू, पंकज वर्मा, रिजवान हक, पोषण यादव, गोविंद साहू, हीरावन साहू, मनीष साहू, हैप्पी हुरा, अजयधुव्र, मनोजसाहू,उदित साहू आदि मौजूद रहे।

## भगवान श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा जनजागरण प्रभातफेरी से नगर हुआ भक्तिमय



**पथरिया।** अयोध्या धाम में भगवान श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा जनजागरण एवं आमंत्रण जन जन तक पहुंचाने के लिए नगर के युवाओं के द्वारा जनजागरण प्रभातफेरी नगर में प्रतिदिन निकली जा रही है । प्रतिदिन सुबह 4 बजे प्रभात फेरी दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर से प्रारम्भ होकर सुबह 6 बजे तक नगर भ्रमण किया जाता है । नगर के युवा इकट्ठे होकर राम भजन का गायन करते नगर के विभिन्न वार्डो में जा रहे है और 22 फरवरी को आयोजित होने वाले महापर्व श्रीराम प्राणप्रतिष्ठा के बारे जनजागरण कर रहे है । प्रभातफेरी में भाजपा जिला महामंत्री निश्चल गुप्ता, रघुनन्दन कर्मकार, गोपाल डनसेना, सन्तोष पाटकर, अजय निर्मलकर, बजरंग जयस्वालं, सौरभ गुप्ता, रमेश साहू, शिव जायसवाल, भावेश गुप्ता सहित नगर के युवा और व्यवसायी शामिल हो रहे हैं।

### कौशल विकास के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण, आवेदन 26 तक

**मुंगेली।** कौशल विकास विभाग अंतर्गत जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज जमकोर में कौशल विकास योजना एवं नवीन विनिमय के तहत विभिन्न कोर्सो में इच्छुक अभ्यर्थियों को निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इसके लिए आवेदन 26 दिसंबर तक किया जा सकता है। लाईवलीहुड कॉलेज के सहायक परियोजना अधिकारी ने बताया कि जनरल ड्यूटी असिस्टेंट, इलेक्ट्रीशियन डोमेस्टिक साल्यूशन तथा सेविंग मशीन ऑपरेटर में प्रशिक्षण के लिए जिले के 18 से 45 वर्ष आयु के युवाओं से आवेदन आमंत्रित किया गया है। प्रशिक्षण हेतु इच्छुक युवा अपने समस्त दस्तावेजों के साथ जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज जमकोर में अपना आवेदन निर्धारित तिथि तक जमा कर सकते हैं।

## सकोला स्कूल की 13 छात्राएं दिल्ली रवाना



**पेंड्रा।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला सकोला की 13 छात्राएं राष्ट्रीय जिमनास्टिक शालेय क्रीडा प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए दिल्ली रवाना हुई है।

> ■ 18 से 23 तक दिल्ली में आयोजित 67वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता में होंगी शामिल

विद्यालय के प्राचार्य अक्षय नामदेव एवं स्टाफ के सदस्यों ने सभी जिमनास्टिक खिलाड़ियों को विद्यालय से रवाना किया।

यह सभी छात्राएं दिल्ली में आगामी 18 दिसंबर से 23 दिसंबर तक आयोजित होने वाली राष्ट्रीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता में भाग लेंगी। जिमनास्टिक जैसे तकनीकी से भरे खेल में भाग लेकर गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले का नाम रोशन करने वाली शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला सकोला जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही की छात्राओं के राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन करने जाने का यह 23वां वर्ष है। इस विद्यालय की छात्राएं अपने उत्कृष्ट जिमनास्टिक के प्रदर्शन के कारण राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय, जिले एवं राज्य का नाम रोशन कर रही हैं। इसी कड़ी में इस वर्ष भी इस विद्यालय की 13 छात्राओं का चयन उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर राष्ट्रीय जिमनास्टिक के लिए हुआ है। दिल्ली में आयोजित 67वीं राष्ट्रीय साल यह क्रीडा प्रतियोगिता में इस विद्यालय की छात्राएं जिनमें सानिया, भारती, किरण, सुषमा ,आरती ,प्रिया ,रिया, आंचल, मोना, जया, निर्मला, लवली धनेश्वरी छत्तीसगढ़ राज्य की ओर से जिमनास्टिक खेलने जा रहे हैं जिन्हें 14 दिसंबर को संपर्क क्रांति से दिल्ली के लिए रवाना किया गया। उनके साथ विद्यालय के खेल प्रशिक्षक रितेश सिंह एवं निशा पांडे भी रहेंगे।

## स्कूली बच्चों को दी गई अधिकारों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ करगीरोड कोटा



जिला प्रशासन, यूनिसेफ़, छत्तीसगढ़ वी द पीपल फाउंडेशन और सीजी एग्रीको समिति की संयुक्त तत्वावधान में पुलिस विभाग बिलासपुर, महिला बाल विकास विभाग के सहयोग कलेक्टर अवनीश शरण के मार्गदर्शन में यूनिसेफ़ द्वारा जिले के सभी ब्लॉक में बाल अधिकार एवं पॉक्सो एक्ट विषय पर स्कूली बच्चों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

इसी तारतम्य में ग्राम खोंगसरा, केंदा, घुटकू, रानीडेरा, दर्रीघाट, लोहार्सी सोन, चकरभाटा जैसे ग्रामों के हायर सेकेंडरी स्कूलों में समाज में बच्चों के साथ होने वाले विभिन्न प्रकार के शोषण एवं अत्याचार के बारे में जानकारी दी गई और उनके अधिकारों के विषय में समझाया गया। बच्चों को बाल संरक्षण इकाई और पुलिस प्रशासन द्वारा पॉक्सो एक्ट के बारे उदाहरण और कहानियों के माध्यम से समझाया गया। कार्यशाला को सफल बनाने के लिए चयनित स्कूलों में यूनिसेफ़ ज़िला सलाहकार रुमाना ख़ान, यूनिसेफ़ ज़िला नोडल पंकज सिंह, अधीक्षक भू- अभिलेख, मनोबल प्रोग्राम ज़िला समन्वयक योगेश पुरोहित, समस्त सहायक ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, संबंधित थाना प्रभारी, ज़िला बाल संरक्षण इकाई बिलासपुर एवं अन्य लोग उपस्थित होकर सहयोग प्रदान किया।

### आज ग्रामीण क्षेत्रों से निकलेगी कलीसिया क्रिसमस रैली

**तखतपुर/जरहागांव।** मसीही युवा वेलफेयर एवं डेवलपमेन्ट समिति के तत्वावधान में क्रिसमस रैली आयोजन किया जाएगा। जरहागांव, पेंडीडीह, छतौना, बुचवाकापा, मुंगेली, फास्टरपुर, भथरी, खपरी, बरदुली गांवों से रैली निकालकर तख़तपुर की सद्भावना क्रिसमस रैली में लोग शामिल होंगे। कार्यक्रम रविवार को शाम 4 बजे से प्रारंभ होगी। इस दौरान जरहागांव की विशेष झांकियां मिशन कंपाउंड में शामिल होकर नगर में भ्रमण करते हुए बंगला पारा पुष्प वाटिका में समापन होगा। उक्त रैली की अगुवाई रेव्ह आशीष दान, नवीन मसीह, हारून मसीह, आशीष वानी, रविन्द्र मसीह, अरूण सिंह, अमित सुखनंदन, सुजीत दास, आनंद मसीह, विनित लाल, रोड्रीक मसीह, माथुर पॉंदरी, सत्यानंद लाल, कुलदीप घनानंद करेंगे।

## बीएससी के छात्रों को उन्मुखीकरण कार्यक्रम की दी गई जानकारी



**बिल्हा।** महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय अन्तर्गत संचालित उद्यानिकी महाविद्यालय हथनी में एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. नारायण साहू ने विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय के बारे में सक्षिप्त जानकारी दी। महाविद्यालय 30 अक्टूबर 2023 से आरंभ होकर 5 सितम्बर 2024 तक एक वर्षीय गतिविधि आयोजित करेगा। शैक्षणिक एवं परीक्षा प्रभारी डॉ. राकेश गिरी गोस्वामी ने छात्रों को बताया की बीएससी उद्यानिकी (ऑनर्स) की उपाधि चार वर्षों के कोर्स को सफलता पूर्वक पूरा करने के पश्चात ही प्रदान किया जाता हैं। खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रभारी डॉ. यामिनी सिवना ने बताया कि छात्रों के लिए विभिन्न प्रकार के खेलकूद का आयोजन किया जाएगा। एनएसएस प्रभारी डॉ. रोशनी पिस्दा ने बताया कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ सेवा कार्य भी करना है, इसलिए एनएसएस शिविर में सहभागिता कर सर्टिफिकेट प्राप्त किया जा सकता है।

## अंतिम नेशनल लोक अदालत में 17 हजार 522 प्रकरण निराकृत



**मुंगेली।** इस वर्ष 2023 के चतुर्थ नेशनल लोक अदालत का आयोजन 16 दिसम्बर को जिला न्यायालय, तहसील न्यायालय एवं राजस्व न्यायालय जिला मुंगेली में किया गया। जिला न्यायालय में नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ जिला एवं सत्र न्यायाधीश चन्द्रकुमार अजगल्ले द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। नेशनल लोक अदालत हेतु जिला न्यायालय में कुल 6 खंडपीठ व तहसील न्यायालय लोरमी में 1 खडपीठ तथा राजस्व न्यायालय में कुल 8 खंडपीठ का गठन किया गया है। नेशनल लोक अदालत में कुल 21 हजार 285 प्रकरण सुनवाई हेतु चिन्हांकित किये गये है, जिनमें से कुल 17 हजार 522 प्रकरणों को निराकृत कर 97 लाख 56 हजार 308 रुपए की राशि का अवार्ड पारित की गई। इस वर्ष का अंतिम नेशनल लोक अदालत का आयोजन सफल रहा।

## तिवारी ने संभाला लोरमी एसडीएम का पदभार

**लोरमी।** लोरमी के नए एसडीएम प्रवीण तिवारी ने पदभार संभालते ही लोरमी प्रेस क्लब के सदस्यों के साथ बैठक कर नगर विकास के लिए सहयोग की अपील की। ज्ञात हो कि श्री तिवारी इसके पहले नवागढ़, जिला बेमेतरा एसडीएम रह चुके हैं। लोरमी में पदस्थ होते ही सभी विभाग के साथ उन्होंने बैठक कर कामकाज में कसावट लाने और सुचारू रूप से काम करने की हिदायत दी। एसडीएम प्रवीण तिवारी ने कहा कि किसानों को किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो इसलिए विशेष ध्यान धान खरीदी केंद्रों पर रखा जाए साथ ही लोरमी के स्वास्थ्य चिकित्सा को बढ़ाने के लिए उन्होंने कई सुझाव दिए। श्री तिवारी ने लोरमी एसडीएम का पदभार ग्रहण करते ही आज सभी विभाग के पदाधिकारी को बुलाकर सहयोग मांगा और उन्होंने कहा है कि लोरमी विधानसभा के अंदर सभी काम सुचारू रूप से चलना चाहिए अपने विभाग में भी उन्होंने सभी को निर्देश जारी किया है कि कोई भी फरियादी आता है, तो उनके साथ मित्रता पूर्वक व्यवहार रखें।



## कोटा शिवतराई स्कूल के बच्चों को स्वेटर वितरण



**बिलासपुर।** सहयोग फाउंडेशन की ओर से स्कूली बच्चों को ठंड से बचाव हेतु गर्म कपड़े का वितरण किया गया। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कोटा शिवतराई में शाला के 153 बच्चो को स्वेटर दिए गए। बच्चों की मुस्कान हमेशा फाउंडेशन को इस तरह के कार्यों के लिया प्रेरित करती रहेगी। बच्चों के साथ साथ सभी शिक्षक भी उत्साहित थे। कार्यक्रम में प्राचार्य कुंज राम ध्रुव एवं प्रधान पाठिका अंजना चाकी के साथ शिक्षक हरेंद्र सिंह, तुलसी टोडर, शिवरतन सिंह, करसायल, विक्रम धर दीवान शामिल रहे। सहयोग संस्था के महती सहयोग हेतु आभार प्रदर्शन अंजना चाकी ने किया फाउंडेशन की अध्यक्ष किरण सिंह एवं चंचल सलूजा उपस्थित रहे।

**न्यायालय नायब तहसीलदार सकरी, जिला-बिलासपुर छ.ग.**
**// ईश्तहार //**

क्रमांक //क/वा/ना.तह./2023
सकरी दिनांक 11.12.2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि, आवेदक दुर्गेश कुमार कौशिक पिता गयाराम कौशिक निवासी ग्राम संबलपुरी द्वारा ग्राम सिंघरी प.ह.नं. 39 तहसील सकरी स्थित भूमि ख.नं. 144/5 क रकबा 0.84 ए. आवेदक क्रय कर काश्त काबिज करते चला आ रहा है। उक्त वाद भूमि से आवेदक का नाम वर्तमान रिकार्ड में विलुप्त हो गया है जो कि त्रुटिपूर्ण है जिसे सुधार कर राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन न्यायालय अ.वि.अ. (रा.) तखतपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने से जांच एवं प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक - 27.12.2023 तक प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि पश्चात दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 11.12.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार, सकरी**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक कोनी तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**ज्ञापन**

क्रमाक / कार्यालय / रा.नि. / क्यू. / 2023
कोनी/ दिनाक 13 /12/2023

1. सुनंदा गढ़ेवाल व आवेदिका 2. सुभद्रा गढ़ेवाल समीपी भूमिस्वामी 3. सरस्वती गढ़ेवाल समीपी भूमिस्वामी 4. प्रमोद कुमार गढ़ेवाल निवासी कोनी, 5. चंद्रप्रकाश गढ़ेवाल समीपी भूमिस्वामी 6. अजय गुप्ता समीपी भूमिस्वामी, 7. सूर्यकांत गढ़ेवाल निवासी कोनी

विषयः सीमाकन में उपस्थित होने बावत सूचना पत्र।

उपरोक्त विष्यान्तर्गत लेख है कि ग्राम कोनी प.ह.नं. 23 राजस्व निरीक्षक मंडल कोनी तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूखण्ड खसरा नम्बर 220/4 रकबा क्रमशः 0.0230 के सीमांकन हेतु छ.ग. भू-राजस्य सहिता 1959 की धारा 29 के तहत तहसीलदार बिलासपुर के न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

संदर्भित आदेश के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमाकन दिनांक 20/12/2023 को समय 11:00 से 5.00 बजे के किया जाना है अतः आप दस्तावेज सहित नियत तिथि एव समय में उपस्थित रहे। उक्त समय पश्चात् की गई आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

**आर.के. पाण्डेय**
**राजस्व निरीक्षक, कोनी**

Health Town
मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : कटोरा तालाब स्वपनिल नर्सिंग होम के पास मो. 9406004581
बिलासपुर : सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक, रबन लस्सी के पास, मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

## खबर संक्षेप



तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह के प्रथम नगर आगमन पर राशिद बख्श के नेतृत्व में युवा कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी चौक पर उनका भव्य स्वागत किया।

### लोहे के पाइप चोरी के आरोपी गिरफ्तार

तखतपुर। खराब पाइप लाइन का विस्तार के लिए आए लोहे के पाइप की चोरी करने वालों पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार तखतपुर वार्ड क्रमांक 4 में पेयजल की पाइप लाइन खराब हो जाने के कारण जगह जगह से पानी बह रहा था जिसको बदलने 13 दिसम्बर को सीएमओ भूपेश दीवान ने पाइप बदलने का आदेश दिया और विनोद तोलानी के घर के पास पाइप को रखवा दिया गया था जहां 14 दिसम्बर की सुबह को कुछ युवक एक राय होकर उक्त स्थान से नये पाइप को चोरी कर ले जाते देखे। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर तखतपुर पुलिस द्वारा पता साजी की।

## निधन

### रामकुंवर उपाध्याय



बिलासपुर। बाबजी रेसीडेंसी निवासी श्रीमती रामकुंवर उपाध्याय का 16 दिसंबर को 85 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 17 दिसंबर की सुबह 10 बजे भारतीय नगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे चंद्रमणि व ऋषि उपाध्याय की माता थीं।

### डेजी सुनील कुमार



बिलासपुर। नर्सेस कॉलोनी रेलवे निवासी डेजी सुनील कुमार का 16 दिसंबर को हैदराबाद में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 17 दिसंबर को दोपहर 12 बजे हैदराबाद स्थित प्रभु की वाटिका में किया जाएगा। वे स्व. डेविस व उषा शेफर्ड की बेटी और डोनाल्ड शेफर्ड की छोटी बहन थीं।

## तखतपुर नगर में विधायक श्री सिंह का हुआ स्वागत

# तखतपुर विस क्षेत्र के विकास में नहीं आएगी कोई कमी: धर्मजीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

विधानसभा क्षेत्र की जनता के आशीर्वाद का सम्मान होगा। भय और भ्रष्टाचार मुक्त राज्य बनाएंगे। अब न डर होगा और न ही घूसखोरी होगी। समृद्ध और विकसित तखतपुर बनाएंगे। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारेंटी के साथ के प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ आम लोगों तक पहुंचाना हमारी जवाबदारी है। उक्त बातें ग्राम तखतपुर विधानसभा के नवनियुक्त विधायक धर्मजीत सिंह ठाकुर ने मोहन वाटिका में कहीं।

श्री ठाकुर का विधायक बनने के बाद पहली बार नगर आगमन हुआ। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की मेहनत है कि प्रदेश में भाजपा की सरकार है। सभी मिलकर एक विकसित राज्य बनाने में भूमिका निभाएंगे। तखतपुर विधानसभा क्षेत्र के विकास में कहीं भी कमी नहीं आएगी। इसके पूर्व तखतपुर पहुंचे धर्मजीत सिंह का नगर में ऐतिहासिक स्वागत स्वागत किया। सभी समाज के लोगों के अलावा व्यापारी संगठन, भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने श्री ठाकुर का जगह जगह स्वागत किया।





विधायक धर्मजीत का स्वागत करते समर्थक।

तखतपुर। विधायक बनने के बाद पहली बार तखतपुर पहुंचे धर्मजीत सिंह का नगर में आतिशी स्वागत किया गया। इसके पूर्व उसलापुर से मोहन वाटिका तक जगह जगह उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक चोवादास खाण्डेकर, तरूण खाण्डेकर, त्रेतानाथ पाण्डेय, प्रदीप कौशिक, कृष्ण कुमार साहू, घनश्याम शिवहरे, राजअभिषेक पाण्डेय, नारायण सिंह, माधो देवांगन, निरंजन सिंह, बंशी पांड़े, कोमल सिंह ठाकुर, नैन लाल साहू, संकेत सामुएल, विक्रम सिंह ठाकुर, नूरीता कौशिक, संतोष कश्यप, दिनेश साहू, दिलीप तोलानी, प्रमोद सिंह ठाकुर, सरोज केरकेट्टा, भारती माली, शिप्रा सामुएल, काशी देवांगन, शिव देवांगन, ईश्वर देवांगन, संतोष लोक चंदानी, तिलक देवांगन, मुकेश ताम्रकार, गुलजीत खुराना, अय्युब अंसारी, विनय गोयल, सूरज देवांगन, सुरेश देवांगन, मलय जहानी, चंद्रकांत द्विवेदी, सुरेश शर्मा, लव पाण्डेय, डीबी साहू, नर्मदा धुरी, ज्ञान ठाकुर, उमर कुरैशी, शैलेंद्र प्रधान सहित अन्य उपस्थित रहे।

### 30 किलोमीटर का सफर 10 घंटे में

तखतपुर विधानसभा में पहली बार चुनाव जीतकर पहुंचें धर्मजीत सिंह का स्वागत उसलापुर से जो शुरू हुआ वह मुख्य मार्ग पेण्डारी, काठाकोनी, खम्हरिया, जरौधा, खपरी, मोड़े मार्ग, बेलसरी के बाद नगर के हर समाज और एसोशिएन तथा कार्यकर्ताओं ने अभूतपूर्व स्वागत किया जिसके चलते 30 किलों मीटर के सफर को 10 घंटे लग गए।

### साजिद ऐबानी ने मिलकर दी बधाई

विधानसभा में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने पर धर्मजीत सिंह ठाकुर के आज नगर भ्रमण के पहले साजिद ऐबानी, मनोज गुप्ता, नरेश गुप्ता ने उनके निवास में पहुंचकर बधाई दी।

### नगर में ऐतिहासिक स्वागत

विधायक बनने के बार पहली बार नगर में पहुंचे धर्मजीत सिंह का ऐतिहासिक स्वागत हुआ। संगम नगर में मुकेश ताम्रकार, ईश्वर देवांगन, गुलजीत खुराना, अय्युब अंसारी ने स्वागत किया। वहीं जरौंधा में अश्वनी श्रीवास के नेतृत्व में स्वागत किया गया सहित नगर पहुचंनें पर अन्य जगहों बंशी पांड़े, दिनेश राजपूत, संतोष कश्यप, दिनेश साहू, प्रमोद सिंह ठाकुर,लव तिवारी, सरजू यादव, तिलक देवांगन, संतोष लोकचंदानी, अश्वनी देवांगन, रविसवानी, आनंद गुप्ता ने स्वागत किया।

### नगर पालिका उपाध्यक्ष ने किया स्वागत

नगर में जगह जगह हुए स्वागत के दौरान नगरपालिका उपाध्यक्ष वंदना बाला सिंह के नेतृत्व में आतिशबाजी के साथ जबरदस्त स्वागत किया गया इस अवसर पर शिव कुमार ठाकुर, अशोक ठाकुर, बाला ठाकुर, वरूण सिंह ठाकुर, चिंपू ठाकुर, अमित मंदानी, मोनू तोलानी, सुमित सचदेव, तन्नू कुकरेजा ने स्वागत किया।

### महाराणा प्रताप चौक पर आतिशी स्वागत

तखतपुर पहुंचे नवनिर्वाचित विधायक धर्मजीत सिंह का नगर के महाराणा प्रताप चौक पर लड्डू से तौलकर दिनेश राजपूत के नेतृत्व में स्वागत किया। इस अवसर पर राजेंद्र सिंह ठाकुर, गोरे सिंह, ईश्वर ठाकुर सहित अन्य उपस्थित रहे।

## सकरी में भी हुआ स्वागत



चना डोंगरी में स्वागत करते गंगा मानिकपुरी एवं मनीष कौशिक।



नव चेतना केंद्र में भी जुटे समर्थक।



बाजार पारा में फूल माला से हुआ अभिनंदन।



मनोज सोनकर, रामकिशोर, पप्पू साहू स्वागत करते हुए।

## साहू समाज ने किया डिप्टी सीएम साव का स्वागत



लगरा। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष अरूण साव के उपमुख्यमंत्री बनने उपरांत आज प्रथम नगर आगमन पर जिला व नगर साहू संघ के द्वारा गौरव पथ में स्वागत मंच बनाकर श्री साव का स्वागत किया। समाज के पदाधिकारियों ने शाल श्रीफल सहित माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान श्री साव को अपने बीच पाकर समाज के लोग उत्साहित हुए। कार्यक्रम में डा. तिलकराम साहू, पवन साहू सहित बडी.संख्या में समाज के लोग शामिल हुए।

## जनता व कार्यकर्ताओं ने जो विश्वास दिखाया उसे रखूंगा कायम: साव

बिलासपुर। बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने लोरमी विधायक और प्रदेश के नवनिर्वाचित डिप्टी सीएम अरुण साव का विधानसभा बिल्हा में प्रथम आगमन पर स्वागत किया। बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक एवं उनके नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने चुनरी ओढ़ाकर उपमुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत करते हुए नारेबाजी की। नगर रैली निकाल कर विधानसभा बिल्हा के सरगांव, बोदरी, परसदा, काली मंदिर में स्वागत किया गया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा से ही गरीबों के हित में कार्य किया है और आगे भी करते रहेगी। भाजपा ने ऐतिहासिक जीत हासिल कर सत्ता में जो वापसी की है वह इसी का परिणाम है। उन्होंने आमजन व कार्यकर्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि आप सभी के मेहनत, समर्थन और आप सभी का मेरे प्रति लगाव देख कर ही पार्टी ने मुझे उपमुख्यमंत्री का दर्जा दिया गया है जो हमेशा क़ायम रखूंगा और प्रदेश के विकास को कभी धीमें नहीं होने दूंगा।



## जनता के लिए 24 घंटे उपलब्ध रहूंगा: धर्मजीत

बिलासपुर। तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह का न्यू होराइजन डेंटल कॉलेज एवं रिसर्च इंस्टीट्यूट के सचिव डॉ राजकुमार खेत्रपाल एवं डायरेक्टर गजेंद्र धीर के नेतृत्व में कॉलेज के डीन डॉक्टर राणा, कॉलेज की दूसरी फैकेल्टी एवं कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने स्वागत किया। इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि अब तखतपुर क्षेत्र में गुंडागर्दी समाप्त कर दी जाएगी। चने बंद हो जाएंगे और तुरंत ही चखना सेंटर बंद कर दिए। बच्चों को आश्वासन दिया कि अब इस क्षेत्र में महिलाएं एवं लड़कियां बच्चियां सुरक्षित रहेगी। कभी भी किसी को भी कोई भी सहायता की आवश्यकता पड़े वह 24 घंटे उपलब्ध रहेंगे। इसी प्रकार उन्होंने यह भी कहा कि न्यू होराइजन डेंटल कॉलेज एवं रिसर्च इंस्टीट्यूट के लिए वे हमेशा उपलब्ध रहेंगे। इनका कोई भी कार्य में प्रायोरिटी में करूंगा क्योंकि यह सिर्फ मेरे तखतपुर क्षेत्र का ही नहीं अपितु छत्तीसगढ़ का एक उत्कृष्ट डेंटल कॉलेज है। आभार प्रदर्शित करते हुए डॉक्टर खेत्रपाल ने कहा कि हम श्री सिंह का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं कि उन्होंने हमारे आतिथ्य को स्वीकार और हमारे अभिनंदन मंच तक आए।





## खबर संक्षेप

### जरहाभाटा से निकलेगी आज स्वाभिमान यात्रा

**बिलासपुर।** गुरु घासीदास की जयंती पर 17 दिसंबर को गुरुद्वारा परिसर महंत बाड़ा जरहाभाठा से 7 ध्वजवाहकों की अगुआई में भव्य स्वाभिमान यात्रा निकाली जाएगी। आयोजन समिति के जितेंद्र बंजारा व सागर बंजारे ने बताया की यह यात्रा जरहाभाटा से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए महंतबाड़ा जरहाभाठा में समाप्त होगी। इसमें धुमाल पार्टी, अखाड़ा डाल, पंथी पार्टी एवं विभिन्न आकर्षक झांकियां शामिल होंगी। 18 दिसंबर को महंत द्वारा जरहाभाठा परिसर में जय स्तंभ में ध्वजारोहणकर पंथी पार्टी के द्वारा जयंती मनाई जाएगी। इसे सफल बनाने कुसुम भारद्वाज, सुभद्रा भारद्वाज, चाँदनी भारद्वाज छाया बंजारे, रजनी टंडन, राजकुमारी महादेवा, पार्वती कुर्रे, विनोद बंजारा, विनय कौशल, योगेश मनहर, विक्रम जांगड़े, आदित्य जोशी, संजू टंडन, आशुतोष जानी, अंकित, अमित, अमन, सतीश, गोविंद, राज बंजारे, राजा, मनहर, प्रकाश बंजारे, विक्कू जांगड़े, नीलकंठ, अभिषेक कामले आदि लगे हुए हैं।

### सूत सारथी समाज की बैठक आज

**बिलासपुर।** सूत सारथी समाज की बैठक 17 दिसंबर को कस्तूरबा नगर सिंधी कोलोनी में दोपहर 2 बजे से होगी। शिव सारथी ने बताया कि इस बैठक में सामाजिक विकास पर आवश्यक चर्चा की जाएगी। उन्होंने समाज के लोगों से इस बैठक में शामिल होने का अनुरोध किया है।

### रेलवे सेवा समिति आज मनाएगी पेंशनर दिवस

**बिलासपुर।** रेलवे पेंशनर सेवा समिति 17 दिसंबर को पेंशनर दिवस मनाएगी। समिति के अध्यक्ष बीके सिरिया ने बताया यह कार्यक्रम रेलवे पेंशनर सेवा समिति कार्यालय में सुबह 11 बजे से प्रारंभ होगा। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। सभी सदस्यों को आवश्यक जिम्मेदारी सौंपी गई है। श्री सिरिया ने संघ के सभी सदस्यों व पदाधिकारियों से इस कार्यक्रम में शामिल होने का अनुरोध किया है।

### सूने मकान में चोरों का धावा, जेवर-नकद ले उड़े

**बिलासपुर।** छात्र के सूने मकान में चोरों ने धावा बोलकर जेवर, नकद रकम सहित अन्य सामान की चोरी कर ली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोनी पुलिस के अनुसार, सेंदरी महामाया रेसीडेंसी सेंदरी निवासी अनंत सेंडीमल गुरूघासीदास विश्व विद्यालय में पीएसडी की पढ़ाई कर रहे हैं। 10 दिसंबर को अपने घर के दरवाजे में ताला लगाकर परिवार के साथ अहमदाबाद चले गए थे। इसी दौरान सूने मकान का फायदा उठाते हुए आलमारी से 2 हजार रुपए नकद, लिफाफे में रखी 10 हजार रुपए, सोने का झुमका, फायर टीवी स्टिक, पायल, स्क्रेचर का जूता, 2 जैकेट चोरी कर लिया गया है। 15 दिसंबर को वे परिवार के साथ घर लौटे तो ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखे तो सामान अस्त व्यस्त पड़े हुए थे। उन्होंने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने घर का मुआयना करने के बाद उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर खानापूर्ति कर ली है।

### शिक्षिका का पर्स लूटने वाला युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** ट्यूशन पढ़ाकर पैदल घर लौट रही शिक्षिका का पर्स लूटने वाले एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं उसके दो साथी फरार हैं। 22 नवंबर को तेलीपारा आरके बूट हाउस गली नम्बर 3 निवासी अल्का गुप्ता पति चंद्र प्रकाश गुप्ता 47 साल ट्यूशन पढ़ाकर पैदल घर लौट रही थीं। तेलीपारा में एक्टिवा सवार तीन युवक आए और उनके हाथ से पर्स लूटकर भाग गए। पर्स में मोबाइल व 9 हजार रुपए थे। श्रीमती गुप्ता की रिपोर्ट पर पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई थी। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर टीआई उत्तम साहू, विजय राठौर, गोकुल जांगड़े, समर बहादुर रंजीत खांडे ने सरकण्डा चांटीडीह सब्जी मार्केट में घेराबंदी करते हुए सरकण्डा अटल आवास निवासी बिसु श्रीवास पिता राजकुमार श्रीवास 21 साल को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। कड़ाई बरतने पर उसने पर्स लूटना स्वीकार कर लिया है। उसके पास से 1 हजार रुपए बरामद किया गया है। उसके साथी विशाल एवं ओम उड़िया फरार हैं। पुलिस ने धारा 392, 34 के तहत युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

## नेशनल लोक अदालत

### सुनवाई के दौरान समझाइश देकर दर्जनों टूटते परिवारों को किया एक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

साल का अंतिम नेशनल लोक अदालत शनिवार को हाईकोर्ट सहित प्रदेश के सभी न्यायालयों में लगाया गया। इसमें बिलासपुर के कुटुम्ब न्यायालय ने सैकड़ों बिखरे हुए परिवारों को एक कर प्रकरण का निराकरण किया गया।

लोक अदालत के दौरान प्रधान न्यायाधीश श्याम लाल नवरत्न के कोर्ट में नवापारा निवासी राधेश्याम यादव और सिरगिट्टी निवासी पूनम का केस आया। पत्नी अपने पत्नी और दो बच्चों से चार साल पहले अलग हो गया था और तक से इनका केस न्यायालय में चल रहा था। ऐसे में न्यायमित्र प्रशांत गनोरकर के द्वारा काउंसलिंग भी किया गया। इसके बाद न्यायाधीश श्याम लाल नवरत्न के समझाइश दी, इसके बाद राधेश्याम अपनी पत्नी पूनम से रजामंद होकर अपने दोनों बच्चों और पत्नी को फिर से अपनाते हुए हंसी-खुशी अपने घर चला गया। इसी तरह कई टूटते बिखरते परिवारों को न्यायामित्रों ने परामर्श देकर जोड़ा, जो साथ नहीं रहना चाहते उनका भरण-पोषण तय किया गया। इसी तरह प्रकरणों और समस्यों का समाधान किया गया।

कुटुम्ब न्यायालय ने 219 प्रकरणों का परस्पर सहमति से कराया राजीनामा

# चार साल से पत्नी और दो बच्चों से अलग रह रहा था पति, कोर्ट की समझाइश में फिर हुए एक



नेशनल लोक अदालत में पति पत्नी का समझौता कर सर्टिफिकेट देते अधिकारी।

### एसबीआई ने लगाया कैंप, 49 का लोन सेटलमेंट



राष्ट्रीय लोक अदालत के अंतर्गत भारतीय स्टेट बैंक ने भी कैंप का आयोजन जिला सत्र न्यायलय बिलासपुर में किया, जिसके अंतर्गत एनपीए खातों का समझौता किया गया। कैंप में विभिन्न शाखाओं से आए 49 ग्राहकों के लोन सेटल किए गए। इस कार्यक्रम में भारतीय स्टेट बैंक के बिलासपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक अबिनाश पाणिग्रही, सुजीत कुमार (सहायक महा प्रबंधक) योगेश तिवारी, अविनाश शर्मा (प्रबंधक), मनोरंजन एलकाना (प्रबंधक) ने ग्राहकों को समझौता पत्र प्रदान किया। कार्यक्रम के बाद चंदन राठौर (प्रबंधक) ने सभी ग्राहकों, जिला न्यायलय परिवार का आभार व्यक्त किया।

### कुटुम्ब न्यायालय में 219 प्रकरणों का निराकरण

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमेन रमाशंकर प्रसाद के मार्गदर्शन में बिलासपुर कुटुम्ब न्यायालय में परिवारिक मामलों की सुनवाई नेशनल लोक अदालत में हुआ। इसमें बच्चों के संरक्षण, पति-पत्नी के दाम्पत्य पुर्नस्थापना, भरण-पोषण और निष्पादन के प्रकरण प्रस्तुत किए गए। कुटुम्ब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश श्यामलाल नवरत्न के न्यायालय में 198 और अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश निरंजन लाल चौहान के न्यायालय में 29 प्रकरणों सहित कुल 219 प्रकरणों पर राजीनामा के आधार पर निराकरण हुआ।

### शादी के दिन राजीनामा करने पहुंची दुल्हन

सड़क हादसे में चल रहे मामले में राजीनामा करने नई दुल्हन लोक अदालत पहुंची। अधिवक्ता नीलकंठ भोई ने बताया कि 2020 कमाने खाने इलाहाबाद जारी बस रीवा के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई। कुछ लोग घायल और कुछ की मौत हुई थी। मामला लंबे समय से कोर्ट में चल रहा था। शनिवार को लोक अदालत में बीमा कंपनी और पीड़ितों के बीच समझौता हुआ। राजीनामा करने ओखर निवासी हीरा महेश्वरी भी पहुंची, जिसका अभी शादी कार्यक्रम चल रहा है।

### हाईकोर्ट जस्टिस भादुड़ी ने किया निरीक्षण

नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ कार्यपालक अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं न्यायाधीश छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर गौतम भादुड़ी के द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया। उन्होंने धमतरी कोर्ट में नेशनल लोक अदालत का निरीक्षण किया। पक्षकारों से रू-ब-रू हुए। लोक अदालत की महत्ता को बताते हुए कहा कि लोक अदालत में प्रकरण के निपटारे का अनुपात छत्तीसगढ़ राज्य में बहुत अच्छा है। नेशनल लोक अदालत में कुल 1023 न्यायालयीन प्रकरण तथा कुल 1526 प्री-लिटिगेशन प्रकरण निराकृत हुए जिनमें कुल समझौता राशि 1 करोड़ 76 लाख 58 हजार 558 रूपए रहा।

## डिवाइडर के बीच कट, पुलिस के सामने ही टूट रहे नियम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पुलिस प्रशासन द्वारा स्कूलों व कॉलेज में जाकर सड़क सुरक्षा को लेकर पाठ तो पढ़ाया जा रहा है, लेकिन धरातल पर इसको लेकर ध्यान नहीं दिया जाता है। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण शहर के गौरव पथ, इमलीपारा रोड़, इंदु चौक से लेकर मगरपारा चौक के बीच देखने को मिल रहा है। मगरपारा चौक से महज 130 मीटर पर ही यातायात और सिविल लाइन पुलिस थाना है। महाराण चौराहे पर भी पुलिस की मौजूदगी रहती है। इसके बावजूद इन सड़कों में बने डिवाइडर को बीच-बीच से तोड़ दिया गया है। अचानक सड़कों को लांघकर लोग सड़क पार कर रहे हैं। हादसों के इन शार्ट कट पर किसी का कोई ध्यान नहीं जा रहा है। अक्सर दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। शहर के कई डिवाईडर को तोड़े जा रहे हैं। यहां सड़क सुरक्षा को लेकर कई छेद हैं जो राहगीरों की मुश्किलें बढ़ा रहे हैं। लेकिन न तो ट्रैफिक पुलिस और न ही निगम के अफसर इन समस्या को निराकरण करने के लिए कोई प्रयास कर रहे हैं, जिससे किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है।

■ शहर में ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने दर्जनों प्रयास

मॉनिटरिंग नहीं होने से सब फेल



गौरव पथ पर जगह-जगह डिवाइडर को तोड़ा।

### वन-वे में रांग साइड चल रही गाड़ियां

मंगला चौक से महाराणा प्रताप चौक तक 12.59 करोड़ की लागत वाले 2600 मीटर गौरवपथ सड़क का निर्माण हुआ है। निगम ने अधिकारिक तैर पर इसमें नर्मदा नगर चौक,अमेरी चौक, बाप जी पार्क के पास तीन जगहा क्रॉसिंग पाइंट बनाते हुए सड़क को वन वे बनाया है, लेकिन पल्लव भवन, मिनी बस्ती के आस पास सड़क के बीच डिवाइडर तोड़कर शॉर्ट कट रास्ता बना दिया गया है। वहीं इस सड़क में अधिकतर वाहन रॉग साईड में ही चलते हैं। जिससे शाम व रात के वक्त यहां स्थिति ज्यादा विकट हो जाती है। कई बार हादसे हुए भी हैं लेकिन कोई सबक नहीं लिया जा रहा है।

### नियम तोड़ने वालों पर होगी कार्रवाई

डिवाइडर टूटने की जानकारी नहीं है। क्रॉसिंग पाइंट के अलावा यदि अवैध तरिके से कोई डिवाइडर के बीच या रांग साइड चलते हैं उन पर कार्रवाई की जाती है। शहर के चौक-चौराहों में लगे कैमरे से इनपर भी निगरानी रखते हुए चलानी कार्रवाई की जाएगी।

**- संजय साहू**
डीएसपी ट्रैफिक

## गाली देने से मना करने पर चाकू-ब्लेड से जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अलग अलग दो घटनाओं में रावत नाच मेला के दौरान गाली देने से मना करने से दो युवकों पर चाकू, ब्लेड से जानलेवा हमला कर दिया गया है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

कोनी पुलिस के अनुसार, सेंदरी निवासी चंद्रशेखर सोनी पिता भागवत सोनी, दोस्त करन पाल के साथ 15 दिसंबर की रात 8 बजे सरपंच ग्राउंड में रावत नाच मेला देखने गए थे। वहां रावत नाच देखने उनके परिवार के लोग पहले से पहुंचे हुए थे। कुछ लड़के नशे में थे और उनके घरवालों को देखकर गाली गलौज कर रहे थे। चंद्रशेखर, करन पाल ने उन्हें गाली देने से मना किया। इस पर युवकों ने चंद्रशेखर के जबड़ा व कान पर ब्लेड से हमला कर दिया। करन ने बीच बचाव किया तो उसके साथ जमकर मारपीट की गई। पुलिस ने चंद्रशेखर सोनी की रिपोर्ट पर अज्ञात हमलावरों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। दूसरी घटना में सीपत मटियारी निवासी चरण सिसोदिया पिता सुखसागर सिसोदिया का गांव के दुर्गेश सूर्यवंशी के साथ पूर्व में दीपावली के समय विवाद हुआ था। 14 दिसंबर को गांव के रावत नाच मेला उसी विवाद को लेकर दुर्गेश एवं उसके साथ उसके साथ गाली गलौज करने लगे। गाली देने से मना करने पर युवकों ने चरण सिसोदिया को हाथ मुक्का से मारपीट करते हुए सीने में चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने चरण की रिपोर्ट पर हमलावर दुर्गेश सूर्यवंशी एवं उसके साथियों के खिलाफ धारा 294,323, 506, 34 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### खार में जुआ खेलते पकड़े गए 7 जुआरी

**बिलासपुर।** पुलिस ने खार में दबिश देकर जुआ खेलते 7 जुआरियों को पकड़ लिया है। उनके पास से 7 हजार 860 रुपए जब्त किया गया है। पुलिस ने जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया है। कोटा पुलिस के मुखबिर सूचना मिली कि मौहार खार में जुआरी एकत्रित होकर जुआ खेल रहे हैं। टीआई तोप सिंह नवरंग ने स्टाफ के साथ खार में घेराबंदी कर जुआ खेलते शीतलदास, बेहताब अंसारी, राकेश गुप्ता, नमीत मोजेश, बिरबल यादव, अमीर खान, अंकुश सिंगरौल को पकड़ लिया है। उनके पास से 7 हजार 860 रुपए जब्त किया गया है।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लैंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान

डॉ. एल.सी.मढ़रिया डायरेक्टर MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया को-डायरेक्टर MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
● OCT द्वारा रेटिना व कॉचबिन्द का जांच व ईलाज
डॉ. एल.सी. मढ़रिया
आई.जी.ऑफिस रोड, अपेक्स बैंक के पीछे, नेहरू चौक, बिलासपुर (छ.ग.)
फोन : 07752-402070, 228277,
मो. : 9826190123, 9669979123

## अरपा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष राय ने छोड़ा पद



**बिलासपुर।** अरपा बेसिन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अभय नारायण राय, सदस्य नरेंद्र बोलर, महेश दुबे, आशा पांडे ने शनिवार को पदभार मुक्त होकर कार्यालय का चार्ज जल संसाधन विभाग के नोडल अधिकारी को प्राधिकरण के पदेन सचिव के आदेश पर सौंप दिया।

पदभार मुक्ति के अवसर पर उपाध्यक्ष अभय नारायण राय ने नई सरकार और बिलासपुर के उपमुख्यमंत्री बने अरुण साव, शहर विधायक अमर अग्रवाल, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला से उम्मीद की है कि भूपेश सरकार द्वारा अरपा उत्थान के लिए किए गए कार्यों को आगे बढ़ाएंगे और समयबद्ध सीमा पर इन कार्यों को पूरा कराकर जनता को सौंपेंगे। कार्यभार सौंपते समय प्राधिकरण के उपाध्यक्ष सहित सभी सदस्य, जल संसाधन विभाग के अधिकारी सिद्दीकी सराफ, एसडीओ श्री साहू उपस्थित रहे। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अरपा को सदा जलनीरा बनाने अरपा बेसिन विकास प्राधिकरण का गठन किया था। 4 नवंबर 2022 को उपाध्यक्ष अभय नारायण राय, सदस्य नरेंद्र बॉलर, महेश दुबे, आशा पांडे की नियुक्ति की गई। जल संसाधन विभाग द्वारा बिलासपुर शहर में अरपा पर दो बैराज शिव घाट और पचरी घाट बनाने का कार्य भी चल रहा है। जो लगभग पूर्ण होने की स्थिति में है। इसी तरह स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत अरपा के दोनों ओर दो-दो किलोमीटर तट संवर्धन चौड़ी सड़क का कार्य भी चल रहा है।

■ कहा- उम्मीद है कि नई सरकार अरपा उत्थान के कार्यों को आगे बढ़ाएगी

## महाराष्ट्र की तर्ज पर हो एयरपोर्ट का संचालनः समिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हवाई सुविधा जनसंघर्ष समिति का धरना प्रदर्शन शनिवार को जारी रहा, इस दौरान वक्ताओं ने बिलासा एयरपोर्ट के विकास और उन्नयन पर चर्चा की। समिति के सदस्यों ने एयरपोर्ट का संचालन महाराष्ट्र की तर्ज पर करने पर जोर दिया।

समिति ने बिलासा एयरपोर्ट का पूर्ण स्वामित्व एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया को हस्तांतरित किए जाने के सुझाव पर आपत्ति दर्ज की। समिति का तर्क है कि एएआई देश के एयरपोर्ट का निजीकरण कर रही है, जिससे बिलासपुर भी अछूता नहीं होगा। निजीकरण होने से एयरपोर्ट पर चार्जेस बढ़ेंगे और बोझ हवाई यात्रियों पर पड़ेगा। नए एयरपोर्ट को सफल बनाने चार्जेस और किराया कम किया जाना चाहिए ताकि विकास पर विपरित प्रभाव नहीं पड़े। समिति ने महाराष्ट्र सरकार की तर्ज पर एक पृथक सरकारी कंपनी बनाकर एयरपोर्ट के उन्नयन और संचालन का जिम्मा संभालने की बात कही। इस कंपनी के द्वारा बिलासपुर सहित अम्बिकापुर और जगदलपुर हवाईअड्डों का संचालन किया जा सकता है। ये राज्य सरकार के लिए आय का एक नया स्त्रोत भी साबित होगा। विकल्प के रूप में राज्य सरकार और एएआई मिलकर एक संयुक्त उपक्रम का भी गठन कर सकते हैं।

धरना स्थल पर शनिवार को महापौर रामशरण यादव, बद्री यादव, विजय वर्मा, अनिल गुलहरे, केशव गोरख, गोपाल दुबे, चित्रकांत श्रीवास, संतोष पीपलवा, शाहबाज अली और सुदीप श्रीवास्तव शामिल रहे।

### नवनिर्वाचित विधायकों का होगा सम्मान

समिति से चार सालों से जुड़े और हाल ही में निर्वाचित हुए विधायकों का सम्मान किया जाना है। रविवार 17 दिसम्बर को धरना स्थल राघवेन्द्र राव सभा भवन सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में विधायकगण धर्मजीत सिंह, धर्मलाल कौशिक, अटल श्रीवास्तव और सुशांत शुक्ला का सम्मानित किया जायेगा। समिति ने अपील की है कि आंदोलन से जुड़े संगठन व नागरिक से उपस्थित रहने की अपील की गई है।

### बिजली कनेक्शन काटकर महिला को दी धमकी

**बिलासपुर।** बिजली कनेक्शन काटकर महिला को जान से मारने की धमकी देने वाले युवक के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, 15 दिसंबर की शाम 7 बजे बंगालीपारा गली नम्बर 3 निवासी पुष्पा मानिकपुरी पति स्व. रामदास मानिकपुरी, रोशनी कोरी, सुक्रिता मानिकपुरी के घर के बिजली कनेक्शन को उनके पड़ोसी मन्नू मानिकपुरी ने काट दिया, जिससे तीनों महिलाओं के घरवाले रात भर परेशान हुए और सुबह पानी के लिए तरसते रहे। पुष्पा ने मन्नू मानिकपुरी से इस संबंध में चर्चा की तो उसने उनके साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। शनिवार की सुबह बिजली विभाग के कर्मचारी कनेक्शन जोड़ने के लिए आए तो मन्नू ने कर्मचारियों को गाली गलौज कर भगा दिया। पुलिस ने श्रीमती मानिकपुरी कर रिपोर्ट पर मन्नू मानिकपुरी के खिलाफ धारा 294, 506 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### चोरी की सेंट्रिंग प्लेट सहित दो युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** निर्माणाधीन अटल आवास से एल्युमिनियम की सेंट्रिंग प्लेटर चोरी करने वाले दो युवकों को पुलिस ने पकड़ लिया है। उनके पास से 50 नग सेंट्रिंग प्लेट बरामद किया गया है, जिसकी कीमत 1.50 लाख रुपए बताई जा रही है। सरकण्डा टीआई जेपी गुप्ता ने बताया कि खमतराई में निर्माणाधीन अटल आवास के मकान से 50 नग एल्युमिनियम की सेंट्रिंग प्लेट चोरी हो गई। मुखबिर की सूचना पर खमतराई निवासी गणेश सूर्यवंशी, कैलाश सूर्यवंशी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। उनकी निशानदेही पर 50 नग सेंट्रिंग प्लेट बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

online Booking:-www.tripuryatra.com

स्लीपर मात्र 8,500/-
बिलासपुर, रायपुर से होकर
स्पेशल ट्रेन
12 फरवरी से 18 फरवरी 2024 तक
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ,
श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, स्टेच्यु ऑफ यूनिटी/माउंट आबू
ऑफर राशि : स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-15,500/-, 2 एसी 19,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
पाठकों के लिए
पाठक पुरस्कार योजना-2023
भाग्य के साथ हर प्रतिभागी को मिलेगा एक सुनिश्चित उपहार

प्रथम पुरस्कार 1 कार
द्वितीय पुरस्कार 4 LED TV
तृतीय पुरस्कार 5 रेफ्रिजरेटर
चतुर्थ पुरस्कार 3 वाशिंग मशीन
पांचवा पुरस्कार 3 माईक्रोवेव ऑवन
छठा पुरस्कार 4 गैस स्टोव (2 बर्नर)
सातवां पुरस्कार 12 इंडक्शन कुक टॉप
आठवां पुरस्कार 6 रूम हीटर
नौवां पुरस्कार 280 कैटल बॉक्स
दसवां पुरस्कार 260 लंच बॉक्स
ग्यारहवां पुरस्कार हर प्रतिभागी को सुनिश्चित पुरस्कार
समाचार पत्र बुक करवाने के लिए संपर्क करें
रिंगरोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर
फो. 07752401050, 7000789166